| | | |
|---|---|---|
| | **बस चालकों की असावधानी से हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।** | |
| प्रश्न 3. (i) | कहानी की परिभाषा बताते हुए इसके तत्त्वों के नाम लिखें।<br>***अथवा***<br>नाटक में अभिनय और संवाद योजना के महत्त्व को रेखांकित कीजिए। | 3x1=3 |
| प्रश्न 3. (ii) | रेडियो नाटक की अवधि छोटी क्यों रखी जाती है?<br>***अथवा***<br>कहानी में क्लाइमेक्स का क्या महत्त्व है? | 2x1=2 |
| प्रश्न 4. (i) | समाचार लेखन की रचना प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए।<br>***अथवा***<br>फ़ीचर कैसे लिखा जाता है? | 3x1=3 |
| प्रश्न 4. (ii) | समाचार और फ़ीचर में मुख्य अंतर क्या होता है?<br>***अथवा***<br>समाचार लेखन के छः ककार कौन से हैं? | 2x1=2 |
| **प्रश्न संख्या** | **पाठ्यपुस्तक आरोह भाग - 2 तथा अनुपूरक पाठ्यपुस्तक वितान भाग – 2** | **अंक (20)** |
| प्रश्न 5. | **निम्नलिखित 03 प्रश्नों में से किन्हीं 02 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | 3x2=6 |
| (i) | शमशेर की कविता 'उषा' गाँव के जीवन का जीवंत चित्रण है। पुष्टि कीजिए। | 3 |
| (ii) | 'कवितावली' के आधार पर सिद्ध कीजिए कि तुलसीदास को अपने समय की आर्थिक-सामाजिक समस्याओं की समझ थी। | 3 |
| (iii) | फ़िराक की गज़ल में अपना परदा खोलने से क्या आशय है? | 3 |
| प्रश्न 6. | **निम्नलिखित 04 प्रश्नों में से किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | 3x3=9 |
| (i) | जाति प्रथा को श्रम विभाजन का ही एक अंग न मानने के पीछे डॉ. आंबेडकर के क्या तर्क थे? | 3 |
| (ii) | नमक कहानी में नमक की पुड़िया इतनी महत्त्वपूर्ण क्यों हो गई थी? कस्टम अधिकारी उसे लौटाते हुए भावुक क्यों हो उठा था? | 3 |
| (iii) | बाबा भीमराव आंबेडकर के अनुसार उनकी कल्पना का आदर्श समाज | 3 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | |
|---|---|---|
| | कैसा होना चाहिए? अपने शब्दों में अभिव्यक्त करें। | |
| (iv) | 'ढोल में तो जैसे पहलवान की जान बसी थी।' 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर तर्क सहित पंक्ति को सिद्ध कीजिए। | 3 |
| प्रश्न 7. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | 3+2=5 |
| (i) | एन फ्रैंक की डायरी किट्टी को संबोधित कर ही क्यों लिखी गई है? यह डायरी वह किसी अपने को भी संबोधित कर सकती थी? तर्क सहित उत्तर दीजिए।<br>***अथवा***<br>मोहनजोदाड़ो की सभ्यता को लो - प्रोफाइल सभ्यता क्यों माना गया है? | 3x1=3 |
| (ii) | "काश, कोई तो होता जो मेरी भावनाओं को गंभीरता से समझ पाता। अफ़सोस, ऐसा व्यक्ति मुझे अब तक नहीं मिला।" एन फ्रेंक की इस पंक्ति का आशय स्पष्ट करें।<br>***अथवा***<br>सिंधु सभ्यता के केंद्र में समाज था, राजा या धर्म नहीं! सिद्ध कीजिए। | 2x1=2 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

